**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 10.05.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना मरका पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किया हुआ माल बरामद। अभियुक्तों द्वारा 03/04.05.2025 की रात्रि को चोरी की घटना को दिया गया था अंजाम।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.05.2025 को थाना मरका पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि ग्राम मरका की रहने वाली रेनुका देवी पत्नी रामरुप निषाद द्वारा थाना मरका पर सूचना दी कि दिनांक 03/04.05.2025 की रात्रि को अज्ञात चोरो द्वारा उनके घर में चोरी कर ली गई। सूचना पर तत्काल थाना मरका पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। इस क्रम में आज दिनांक 10.05.2025 घटना में शामिल अभियुक्तों की पहचान करते हुए घटना में शामिल 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के माल बरामद हुए है।

**बरामदगी-**

- चोरी किये गये सोने व चांदी के आभूषण शत प्रतिशत बरामद (कान की बिजली, बिछुवा, पायल, बाली, बिछिया, अंगूठी आदि)
- चोरी की गई कलाई घड़ी

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. सूरज उर्फ ननका पुत्र रामसजीवन निवासी हरियापुर थाना ललौली जनपद फतेहपुर।
2. पंकज उर्फ छोटू पुत्र रामधनी प्रजापति निवासी निवासी हरियापुर थाना ललौली जनपद फतेहपुर।
3. नरेन्द्र पटेल उर्फ मोदी पुत्र शिवकरन निवासी हरियापुर थाना ललौली जनपद फतेहपुर।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. थानाध्यक्ष मरका श्री अजीत प्रताप सिंह
2. उ0नि0 श्री चन्द्रकान्त शुक्ला
3. उ0नि0 श्री अंश त्यागी
4. हे0का0 सचेन्द्र पटेल
5. कां0 पीयूष कटियार